सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

**राजभवन देहरादून में वसंतोत्सव/पुष्प प्रदर्शनी 07 मार्च (शुक्रवार) से होगी शुरू।**

**कर्टेन रेजर में राज्यपाल ने वसंतोत्सव–2025 की विस्तृत जानकारी दी।**

**इस वर्ष विशेष पोस्टल कवर के लिए ''जटामांसी'' का चयन किया गया है।**

**07 मार्च को वसंतोत्सव का उद्घाटन प्रातः 11:00 बजे किया जाएगा।**

**07 मार्च को दोपहर 1.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक तथा 08 व 09 मार्च को प्रातः 09.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक पुष्प प्रदर्शनी जनसामान्य के लिए निःशुल्क खुली रहेगी।**

**राजभवन देहरादून 03 मार्च, 2025**

सोमवार को राजभवन में वसंतोत्सव–2025 का 'कर्टेन रेजर' आयोजित किया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने इस वर्ष 07 मार्च से राजभवन में शुरू हो रहे तीन दिवसीय वसंतोत्सव–2025 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विशेष पोस्टल कवर के लिए ''जटामांसी'' का चयन किया गया है। 07 मार्च को दोपहर 1.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक तथा 08 व 09 मार्च को प्रातः 09.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक वसंतोत्सव/पुष्प प्रदर्शनी जनसामान्य के लिए निःशुल्क खुली रहेगी।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड के पुष्पों की एक अलग पहचान है, यहां फूलों के उत्पादन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं, जो उत्तराखण्ड के लिए एक वरदान साबित हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि राजभवन देहरादून में आयोजित होने वाला वसंतोत्सव प्रदेश की सांस्कृतिक, आर्थिक और पर्यावरणीय पहचान का एक प्रमुख उत्सव बन चुका है, जिसका लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है।

राज्यपाल ने कहा कि वसंतोत्सव उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प और कुटीर उद्योग को एक बड़ा मंच प्रदान करता है। इस आयोजन में स्थानीय कारीगरों, किसानों, महिला समूहों और युवा उद्यमियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त किया जा सके।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की जलवायु और भौगोलिक परिस्थितियां पुष्प उत्पादन के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। राज्य में दुर्लभ और औषधीय गुणों वाले फूलों की अनेक प्रजातियां पाई जाती हैं, जो वैश्विक बाजार में अपनी अलग पहचान बना सकती हैं। इस आयोजन के माध्यम से उत्तराखण्ड को एक 'पुष्प प्रदेश' के रूप में विकसित करने और पुष्प पर्यटन को बढ़ावा देने पर बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से उत्तराखण्ड को एक प्रमुख 'ग्रीन टूरिज्म हब' के रूप में उभरने का अवसर मिलेगा।

'कर्टेन रेजर' में सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव श्री राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, अपर सचिव मनुज गोयल, निदेशक उद्यान दीप्ति सिंह, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, संयुक्त निदेशक उद्यान डॉ. रतन कुमार भी उपस्थित रहे।

...........0............

**वसंतोत्सव–2025 के महत्वपूर्ण आकर्षण–**

- जनमानस तथा कृषकों में पुष्प उत्पादन के प्रति अभिरूचि बढ़ाने के लिए वसंतोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं का निम्नानुसार आयोजन किया जा रहा है–

01. कट फ्लावर – 72 पुरस्कार
02. पॉटेड प्लांट्स प्रबंधन – 12 पुरस्कार
03. लूज फ्लावर प्रबंधन – 12 पुरस्कार
04. पुष्प के अतिरिक्त पॉटेड प्लांट्स – 06 पुरस्कार
05. सब्जियां – 09 पुरस्कार
06. कैक्टस एवं सकुलेन्ट्स – 03 पुरस्कार
07. बोनसाई – 06 पुरस्कार
08. टेरारियम (Terrarium) – 03 पुरस्कार
09. हैंगिंग पॉट्स – 03 पुरस्कार
10. हाइड्रोपोनिक तकनीकी प्रदर्शन (प्रथम बार) – 03 पुरस्कार
11. बागवानी में प्रयुक्त गमले – 03 पुरस्कार
12. शहद – 09 पुरस्कार
13. ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी – 03 पुरस्कार
14. ताजे पुष्प दलों की रंगोली – 03 पुरस्कार
15. विद्यालयी (05 से 18 वर्ष आयु वर्ग), दिव्यांग एवं अन्य बच्चों हेतु पेंटिंग प्रतियोगिता – 18 पुरस्कार

उपरोक्त 15 मुख्य प्रतियोगिताओं की श्रेणी में कुल 55 उप श्रेणी हैं, जिनमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। इस प्रकार कुल 165 पुरस्कार निर्णायक मंडल के निर्णय के उपरांत दिनांक 09 मार्च, 2025 को विजेताओं को प्रदान किए जाएंगे।

**वसंतोत्सव–2025 के आकर्षण/कार्यक्रमः–**

- Cut Flower Competition के अंतर्गत Traditional Areas में मात्र जनपद ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, हरिद्वार व देहरादून के पुष्प उत्पादकों/कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।
- Cut Flower Competition के अंतर्गत Non Traditional Areas में राज्य के 09 पर्वतीय जनपदों (अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चम्पावत, टिहरी, पौड़ी, रूद्रप्रयाग, चमोली व उत्तरकाशी) के पुष्प उत्पादकों/कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।
- Cut Flower Competition के अंतर्गत दिव्यांगजनों हेतु पृथक से उप श्रेणी के अंतर्गत प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।
- Bonsai श्रेणी के अंतर्गत Commercial Fruit Trees एवं Forest Trees उप श्रेणियों के अंतर्गत प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।
- Pot श्रेणी के अंतर्गत गार्डनिंग हेतु उपयुक्त समस्त आकारों के Pot हेतु 01 ही उपश्रेणी में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।
- Painting competition श्रेणी के अंतर्गत बच्चों की आयु 05 से 12 वर्ष तक तथा 12 से 18 वर्ष तक निर्धारित करते हुए 06 उप श्रेणियों में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।
- Hydroponic तकनीकी को बढ़ावा देने हेतु Hydroponic विधि से बागवानी करने वाले कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए Hydroponic Cultivation Technology Demonstration श्रेणी में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।
- गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय द्वारा मौनपालन पर किए गए शोध का विस्तृत प्रदर्शन स्टॉल के माध्यम से किया जाएगा।
- इस तीन दिवसीय आयोजन में राज्य के लगभग 35 विभागों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा, जिसमें उद्यान विभाग के अतिरिक्त विभिन्न शोध संस्थान/कृषि विश्वविद्यालय/बोर्ड/निगम आदि प्रमुख होंगे। इन विभागों/संस्थानों द्वारा आयोजन में अपना स्टॉल लगाकर अपने विभाग के जनोपयोगी कार्यक्रमों/तकनीकियों का उत्कृष्टता के आधार पर प्रदर्शन किया जाएगा।
- सगंध पौधा केन्द्र द्वारा स्टॉल के माध्यम से राज्य में उत्पादित सगंध पौधों का विवरण तथा उनके उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु संचालित कार्यक्रमों/गतिविधियों का वृहद रूप से प्रदर्शन किया जाएगा।
- कार्यक्रम के प्रथम व द्वितीय दिवस की सायं में 01 घण्टे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा तथा कार्यक्रम के तीनों दिवसों में दिन के समय स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि का आयोजन किया जाएगा।
- इस वर्ष पहली बार योगा कार्यक्रम के सजीव प्रदर्शन हेतु देव संस्कृति विश्वविद्यालय एवं अन्य अग्रणी संस्थाओं के साथ ही खेल विभाग, उत्तराखण्ड को भी पृथक–पृथक दिवसों में

आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही 38वें राष्ट्रीय खेल आयोजन में योग प्रतियोगिता में पुरस्कार जीतने वाले विजेताओं को भी आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा।

- भारतीय सैन्य संस्थान (Indian Military Academy), इंडो तिब्बत बॉर्डर पुलिस (ITBP), पी0ए0सी0 एवं होमगार्ड के बैंड आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेंगे।
- इस तीन दिवसीय आयोजन में लोगों के खान–पान की सुविधा के लिए विभाग द्वारा गत वर्षों की भांति आई0एच0एम0 एवं जी0आई0एच0एम0 एवं अन्य संस्थाओं के द्वारा फूड कोर्ट में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट, पौष्टिक, गुणवत्तायुक्त व्यंजनों के पैक्ड फूड की व्यवस्था की जाएगी।
- इस वर्ष संपूर्ण वसंतोत्सव कार्यक्रम को पॉलीथीन मुक्त रखा जाएगा।
- इस वर्ष भी वसंतोत्सव में 'वर्टिकल गार्डन' एवं 'रूफ–टॉप गार्डनिंग' के माध्यम से नगरीय क्षेत्रों में औद्यानिकी को बढ़ावा देने हेतु पहल की गई है, जिसमें कम स्थान पर विशेषकर घर की छत/बालकनी में पुष्पों एवं जैविक सब्जियों की खेती को प्रदर्शित किया जाएगा।
- वसंतोत्सव के अवसर पर डाक टिकट प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है।
- आर्ट गैलरी के माध्यम से विभिन्न पेन्टिंग्स का प्रदर्शन राजभवन ऑडिटोरियम गैलरी में किया जाएगा।

**वसंतोत्सव–2025 में पहली बार आयोजित मुख्य कार्यक्रम/गतिविधियां :–**

- Cut Flower Competition के अंतर्गत Non Traditional Areas में Lilium की एक अतिरिक्त उप श्रेणी सम्मिलित करते हुए इस श्रेणी में 08 उप श्रेणियों के अंतर्गत प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।
- Cut Flower Competition के अंतर्गत महिला पुष्प उत्पादकों हेतु पृथक से उप श्रेणी के अंतर्गत प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस हॉस्टल, आशा विद्यालय, वीरपुर, देहरादून एवं मातृ आंचल कन्या विद्यापीठ (अनाथालय), हरिद्वार के स्कूली बच्चों को भी पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराने का प्रयास किया जाएगा।
- उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा कार्यक्रम में आने वाले आगंतुकों की गणना ए0आइ0 एप्लिकेशन के माध्यम से किए जाने की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही आई0टी0डी0ए0 द्वारा आगंतुकों का फीडबैक प्राप्त किए जाने हेतु सॉफ्टवेयर तैयार किया जाएगा।
- डी0डी0ए0, एन0डी0एम0सी0, दिल्ली के औद्यानिक सौंदर्यीकरण के प्रमुख, उद्यान अधिकारी, राष्ट्रपति भवन (अमृत उद्यान) के उद्यान अधिकारी, तेलंगाना के पब्लिक गार्डन के उद्यान अधिकारी के साथ–साथ औद्यानिकी के क्षेत्र में प्रमुख राज्यों के उद्यान विभाग के

अधिकारियों को भी अपने प्रदेश/संस्थान की उपलब्धियों को कार्यक्रम में प्रदर्शित करने हेतु आमंत्रित किया जाएगा।

- ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत ''हाउस ऑफ हिमालयाज'' द्वारा संचालित गतिविधियों के प्रदर्शन हेतु भी स्टॉल लगाया जाएगा।
- ख्याति प्राप्त कलाकारों को भी सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु आमंत्रित किया जाएगा।
- योगा कार्यक्रम के सजीव प्रदर्शन हेतु देव संस्कृति विश्वविद्यालय एवं अन्य अग्रणी संस्थाओं के साथ ही खेल विभाग, उत्तराखण्ड को भी पृथक–पृथक दिवसों में आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही 38वें राष्ट्रीय खेल आयोजन में योग प्रतियोगिता में पुरस्कार जीतने वाले विजेताओं को भी आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा।

देवभूमि विश्वविद्यालय द्वारा फूड कोर्ट में Millets से संबंधित व्यंजनों का स्टॉल लगाया जाएगा।

...........0............